आज दिनांक 15 अगस्त 2024

केंद्रीय विश्वविद्यालय हिमाचल प्रदेश समाज कार्य विभाग देहरा हिमाचल प्रदेश ने आज स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य उन्नत भारत अभियान के तहत अंगीकृत गांवों में ध्वजारोहण और पौधरोपण किया गया शिवनाथ ग्राम पंचायत के साथ संयुक्त रूप से शिवनाथ पंचायत में ध्वजारोहण और पौधारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ध्वजारोहण व राष्ट्रीयगान के साथ इस कार्यक्रम का शुभाराम हुआ। भारत सरकार के द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रम "एक पेड़ मां के नाम* " के तहत बलिदानी पंकज बड़ियालजी की माता के द्वारा बलिदानी के नाम का राजकीय प्राथमिक पाठशाला सनोट में पौधारोपण भी किया गया। इस तरह सभी दामों में भी अंगीकृत गांवों में भी पौधारोपण किया गया इस कार्यक्रम में श्री रंजना नरोत्रा जी पंचायत प्रधान, पंचायत सामुदायिक केंद्र शिवनाथ,और समाज कार्य विभाग सहायक प्रोफ़ेसर डॉ श्वेता शर्मा, डॉ जयकांत सिंह तथा पंचायत के अन्य सदस्य मौजूद रहे। विद्यार्थियों ने ग्राम प्रधान से पंचायत की समस्याओं और विकास हेतु चल रहे विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी भी प्राप्त की।

ग्राम पंचायत सदस्य व ग्राम प्रधान ने विद्यार्थियों को गांव के सभी आवश्यक पहलुओं से अवगत करवाया। इस कार्यक्रम में समाज कार्य विभाग के शोधार्थी , और विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रकार सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।